| | | |
|---|---|---|
| | **BCM school Basant Avenue Ludhiana**<br>**Class V**<br>**Subject Hindi**<br>**M.M 25. Assignment no. 2** | |
| I | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनें -**<br>एक छोटे-से गाँव में लोग अपने घरों के आसपास पेड़-पौधे लगाते थे। गाँव में गर्मी के दिनों में भी वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा रहता था। एक दिन कुछ लोगों ने सड़क को चौड़ा करने के लिए पुराने पेड़ों को काटने का निर्णय लिया। गाँव के बच्चों ने इसका विरोध किया। उन्होंने सभी को समझाया कि पेड़ केवल छाया ही नहीं देते, बल्कि हवा को स्वच्छ रखने, मिट्टी को बाँधकर रखने और पक्षियों को आश्रय देने में भी सहायक होते हैं। बच्चों ने सुझाव दिया कि सड़क को चौड़ा करने के लिए पेड़ों को काटने के बजाय ऐसी योजना बनाई जाए, जिसमें अधिक से अधिक पेड़ बचाए जा सकें। गाँव वालों ने बच्चों की बात मानी और मिलकर पेड़ों की रक्षा करने का निर्णय लिया।<br>**प्र०1-गाँव का वातावरण गर्मी में भी ठंडा रहने का प्रमुख कारण क्या था?**<br>क) वहाँ बहुत-से घर थे। ख) वहाँ बहुत-से पेड़-पौधे थे।<br>ग) वहाँ सड़कें कम थीं। घ) वहाँ लोग कम रहते थे।<br>**प्र०2-बच्चों ने पेड़ों को काटने का विरोध क्यों किया**<br>क)उन्हें पेड़ों पर झूला झूलना पसंद था ख) वे पेड़ों की उपयोगिता को समझते थे।<br>ग) वे सड़क को चौड़ा नहीं करना चाहते थे घ) उन्हें गाँव से बाहर जाना था।<br>**प्र०3-यदि आप गाँव के बच्चों की जगह होते, तो पेड़ों को बचाने के लिए क्या सुझाव देते?**<br>क) सभी पेड़ काट देने का ख) सड़क का काम बंद कर देने का।<br>ग) ऐसी योजना बनाने का जिसमें अधिक पेड़ बच सकें घ) गाँव छोड़ देने का<br><br>**प्र०4-कथन (A): पेड़ पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं।**<br>**कारण (R): पेड़ हवा को स्वच्छ रखने और पक्षियों को आश्रय देने में सहायक होते हैं।**<br>क) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।<br>ख) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>ग) A सही है, लेकिन R गलत है।<br>घ) A गलत है, लेकिन R सही है। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **प्र०5-इस गद्यांश से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**<br>क) केवल बड़े लोग ही सही निर्णय ले सकते हैं।<br>ख) बच्चों के विचार भी समाज के लिए उपयोगी हो सकते हैं।<br>ग) सड़कें बनाना पर्यावरण के लिए हानिकारक है।<br>घ) पेड़ केवल छाया देने के काम आते हैं। | |
| II | **बहुविकल्पीय प्रश्न**<br>**प्र०1निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य अनिश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है?**<br>क) वह मेरा मित्र है। ख) कोई दरवाज़ा खटखटा रहा है।<br>ग) यह पुस्तक मेरी है। घ) कौन आया है?<br>**प्र०2- "नाको चने चबाना" मुहावरे का संबंध किस भावना से है?**<br>क) खुशी से ख) कठिनाई और संघर्ष से ग) प्रेम से घ) उत्साह से<br>**प्र०3-निम्नलिखित में से कौन-सा लिखित भाषा का उदाहरण नहीं है?**<br>क)पाठ पढ़ना ख) सामान का बिल ग) बैंक का चेक घ) टेलीफोन पर बात करना<br>**प्र०4-हिंदी वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है?**<br>क)तैंतीस ख) पच्चीस ग) ग्यारह घ) बावन | 2 |
| III | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें-**<br>**1.** <u>अध्यापक</u> पढ़ा रहे हैं।**औरेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)**<br>2.(बिल्ली) दूध पी रही है।**(कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)**<br>3. **निवेदन** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>**4. विशेषण शब्द छाँटकर भेद लिखें-**<br>क) मैंने आधा गिलास जूस पिया।<br>ख) उस पेड़ पर पक्षी बैठे हैं। | 5 |
| IV | **निम्नलिखित पठित पद्यांश(काव्यांश)को पढ़कर सही उत्तर चुनें -**<br>सन-सन चलती हवा रात भर, जाड़े से मरता हूँ,<br>ठिठुर-ठिठुरकर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ।<br>आसमान का सफर और यह मौसम है जाड़े का,<br>न हो अगर तो ला दो कुरता ही कोई भाड़े का।<br>प्र०1**-चाँद को सबसे अधिक कठिनाई किस मौसम में होती है?** | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | क) गर्मी में ख) बरसात में ग) जाड़े में घ) वसंत में<br>**प्र॰2-चाँद को किस चीज़ की आवश्यकता महसूस हो रही है?**<br>क) छतरी की ख) कुरते की ग) जूते की घ) टोपी की<br>**प्र॰3-"ठिठुर-ठिठुरकर" शब्द का अर्थ क्या है?**<br>क) हँसते हुए ख) काँपते हुए ग) दौड़ते हुए घ) सोते हुए<br>**प्र॰4-चाँद का सफर कैसा बताया गया है?**<br>क) आसान और सुखद ख) कठिन और ठंडा ग) छोटा और तेज़ घ) स्थिर और शांत | |
| V | **दीर्घ प्रश्न उत्तर-**<br>**प्र॰1- लेखक ने अपने घरवालों के क्रोध का कारण क्या बताया है?**<br>**प्र॰2-यदि 'न्याय की कुर्सी' कहानी के अंत में राजा सिंहासन पर बैठने में सफल हो जाता तो क्या होता?** | 3 |
| **VI** | **प्र॰1-तीसरे दिन बौद्ध भिक्षु मूर्तियों को कहाँ ले जाते हैं?** | 1 |
| VII | **किसने किससे कहा?**<br>"गाय तो ऐसी है कि दूध देने में कामधेनु" | 1 |
| VIII | **रिक्त स्थान भरो-**<br>क) लड़के ने बड़ी गंभीरता से दोनों किसानों के...................... सुने।<br>ख) दो बजे दिन से .................. की सजावट शुरू होने लगती। | 1 |
| **IX** | **शब्दार्थ लिखो-** क) मसनूई ख) कलुष | 1 |
| **X** | **वाक्य बनाओ-** क) सिपुर्द ख) गुंजाइश | 2 |